प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 04.01.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी में राष्ट्रीय वॉलोबॉल टूर्नामेंट का किया वर्चुअल उद्घाटन : कहा– वर्ष 2036 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी का प्रबल दावेदार है भारत।
2. उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी हुए शामिल : कहा– प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में खेल बना राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम।
3. अयोध्या में श्रीराम मंदिर में अभेद्य होगी सुरक्षा : परिसर के चारों तरफ आधुनिक तकनीक से युक्त 4 किलोमीटर लम्बी बॉउंड्रीवॉल का निर्माण शुरू।

और

4. प्रदेश में घने कोहरे और शीतलहर से जनजीवन प्रभावित : मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में गिरावट का जताया अनुमान।

————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वर्ष 2014 के बाद खेलों में भारत का प्रदर्शन लगातार बेहतर हुआ है। आज वाराणसी में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये 72वें राष्ट्रीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत वर्ष 2036 में ओलिंपिक खेलों की मेज़बानी का

प्रबल दावेदार है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने खेल के क्षेत्र में कई सुधार किए हैं जिनमें राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम और खेलो भारत नीति शामिल हैं। बाइट......

*स्पोर्ट्स सेक्टर में भी सरकार ने बड़े रिफॉर्मस किए हैं। नेशनल स्पोर्ट्स गर्वनेंस और गर्वनेंस एक्ट, खेलो भारत नीति 2025 इस प्रकार के प्रावधानों से सही टेलेंट को अवसर मिलेगा। खेल संगठनों में ट्रांस्पेरेंसी बढेगी। देश के युवाओं को स्पोर्ट्स और एज्युकेशन दोनों ही क्षेत्रों में एक साथ आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश का खेल मॉडल खिलाड़ियों के अनुकूल है और इसलिए विगत वर्षों में खेलों में हम सफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार खेल प्रतिभाओं की पहचान, उनके उचित प्रशिक्षण, पोषक आहार और पारदर्शी चयन–प्रक्रिया पर ध्यान दे रही है। बाइट.....

*आज टॉक्स जैसे इनिशिएटिव से भारत में स्पोर्ट्स ईको सिस्टम ट्रांस्फोर्म हो रहा है। एक तरफ हम अच्छा इन्फ्रास्टक्चर और फंडिंग मैकेनिज्म तैयार कर रहे हैं और इसके साथ ही नौजवानों को शानदार एक्सपोजर देने के लिए भी काम कर रहे हैं। 2030 के कॉमनवेल्थ गेम भी भारत में ही होने जा रहे हैं। भारत पूरी मजबूती से 2036 ऑलिमपिक की मेजबानी के लिए भी तैयारी कर रहा है।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को अपने युवा खिलाड़ियों पर गर्व है जो देश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब हर कोई अपनी ज़िम्मेदारी का निर्वाह गंभीरतापूर्वक करता है, तभी सफलता मिलती है और देश इसी भावना के साथ आगे बढ़ रहा है।

**डॉ0 सम्पूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उभरते "न्यू स्पोर्ट्स कल्चर" ने युवाओं में अनुशासन, फिटनेस और टीम–स्पिरिट को मजबूत किया है। अब खेल सिर्फ शौक नहीं, बल्कि व्यक्तित्व विकास और राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम बन चुका है।**

**राष्टोय वॉलीबॉल टूर्नामेंट 11 जनवरी तक चलेगा। इसमें देशभर के एक हज़ार से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं, जो विभिन्न राज्यों और संस्थानों का प्रतिनिधित्व करने वाली 58 टीमों का हिस्सा है। इस खेल के आयोजन से वाराणसी, राष्ट्रीय खेल मानचित्र में शामिल हो गया है।**

————————————

**वर्ष 2025 भारत की विकास यात्रा में एक निर्णायक कालखंड रहा है। हमारी विशेष श्रृंखला 'सुधारों का वर्ष' में आज हम चर्चा कर रहे हैं– जब विश्व ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 2025 में एक आदर्श नेता के रूप में देखा।**

*वर्ष 2025 भारत के वैश्विक उत्थान में एक ऐतिहासिक अध्याय के रूप में सामने आया। देश के भीतर मजबूत आर्थिक नेतृत्व और विदेशों में आत्मविश्वासी कूटनीति के चलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक स्थिर और विश्वसनीय नेता के रूप में उभरे। जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका ने पारस्परिक शुल्क लगाए तब प्रधानमंत्री मोदी के नेशन फर्स्ट रुख ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत अब आसमान व्यापार समझोतों या बाहरी दबाव को स्वीकार नहीं करेगा। राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ नई नीति को स्पष्ट किया। पहलगाम हमले के*

*बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया और सिंधु जल संधि को निलंबित करते हुए यह संदेश दिया कि खून और अपनी एक साथ नहीं बह सकते। 2025 में प्रधानमंत्री मोदी को अभूतपूर्व अंतर्राष्ट्रीय सम्मान मिला, उन्हें कुल 29 वैश्विक सम्मान प्रदान किए गए। दृष्टि के साथ अक्षित कुमार वैद्यान, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

————————

झांसी स्थित केन्द्रीय वस्त्र एवं सेवाकर कार्यालय में रिश्वत खोरी मामले में उपायुक्त स्तर के एक आईआरएस अधिकारी समेत 3 अधिकारियों को निलम्बित कर दिया गया है। इन तीनों अधिकारियों समेत 5 लोगों को सीबीआई ने पिछले दिनों गिरफ्तार किया था। यह सभो इस समय न्यायिक हिरासत में हैं। निलम्बन की कार्रवाई के साथ–साथ इस प्रकरण में जांच का दायरा बढ़ा दिया है।

————————

प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने लखनऊ के आम्रपाली ग्रुप से जुड़े मनी लॉड्रिंग मामले में कार्रवाई करते हुए सुरेका ग्रुप की कम्पनी मौर्या उद्योग लिमिटेड की 99 करोड़ रुपये से अधिक की अचल सम्पत्तियों को अस्थाई रूप से कुर्क़ कर लिया है। यह सम्पत्तियां कोलकाता, फिरोजाबाद और मुंबई में स्थित है, जिनमें कार्यालय परिसर, फैक्ट्री भूमि और भवन शामिल है। प्रवर्तन निदेशालय की जांच में पता चला है कि आम्रपाली ग्रुप ने मौर्या उद्योग लिमिटेड के साथ मिलीभगत कर निर्माण सामग्री की खरीद के बहाने फर्जी लेन–देन किया है।

———————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं। ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारां का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————————

प्रयागराज में संगम तट पर पौष पूर्णिमा के स्नान के साथ ही कल्पवास प्रारंभ हो गया है। आज बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान प्रयागराज मेला प्राधिकरण श्रद्धालुओं को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है। एक रिपोर्ट........

*तीर्थराज प्रयाग की धरती पर कल्पवास का पवित्र माघ मास पौष पूर्णिमा स्नान पर्व के साथ प्रारम्भ हो गया। संगम सहित सभी स्नान घाट पर कल्पवासियों, श्रद्धालुओं स्नानार्थियों के पहुंचने से गुलजार है। कड़ाके की ठंड और शीत लहर के बावजूद पुण्य और मोक्ष की कामना से माघ मेला के सभी घाटों पर स्नानार्थियों श्रद्धालुओं का स्नान व दान का सिलसिला अनवरत जारी है। संपूर्ण मेला क्षेत्र में नागरिक पुलिस, यातायात पुलिस, महिला पुलिस, अग्निशमन दल, यूपी 112, पीएसी के जवान, घुड़सवार पुलिस, आरएएफ, एटीएस के जवान, अर्ध सैनिक बल व बम निरोधक दस्ता की टीम को व्यवस्थापित किया गया। मेला क्षेत्र में गोल्फ कार्ट और मोटर साइकिल की सुविधा उपलब्ध कराए जाने से संगम पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को आवागमन में सहूलियत मिल रही है। प्रवीण मिश्र माघ मेला क्षेत्र प्रयागराज।*

————————————

श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने कहा ह कि राम मंदिर की सुरक्षा पूरी तरह अभेद्य होगी। अयोध्या में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री मिश्र ने बताया कि मंदिर परिसर के चारों ओर बनाई जा रही 4 किलोमीटर लंबी बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। मंदिर की निगरानी और सुरक्षा के लिए बाउंड्री वॉल में अत्याधुनिक उपकरण लगाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर की सुरक्षा के लिए चार वॉच टावर बनाए जाएंगे, जिनमें आधुनिक तकनीक से लैस उपकरण लगाए जाएंगे। इन वॉच टावरों और बाउंड्री वॉल के मॉडल को स्वीकृति मिल चुकी।

————————————

**प्रदेश की राजधानी लखनऊ की खूबसूरती में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। गोमती नदी पर अहमदाबाद के प्रसिद्ध अटल ब्रिज की तज पर एक अनोखा पेडेस्ट्रियन ब्रिज बनने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। एक रिपोर्ट.......**

*लखनऊ विकास प्राधिकरण की इस महत्वाकांक्षी परियोजना को राज्य सरकार ने मंजूरी दे दी है। 180 मीटर लंबे ब्रिज की कुल लागत लगभग 54 करोड़ रुपये है। शासन ने निर्माण कार्य शुरू करने के लिए पहली किस्त के रूप में 18.90 करोड़ रुपये की धनराशि भी जारी कर दी है। ब्रिज का निर्माण 18 महीनों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, यानी 2027 के मध्य तक लखनऊवासी इस खूबसूरत पुल पर चहलकदमी कर सकेंगे। यह ब्रिज गोमती रिवरफ्रंट के दोनों किनारों को जोड़ेगा। ब्रिज की चौड़ाई 12 मीटर होगी,*

*जबकि रैंप सहित कुल लंबाई 380 मीटर तक पहुंचेगी। पुल का डिजाइन लखनऊ की मशहूर टैगलाइन 'मुस्कुराइए, क्योंकि आप लखनऊ में हैं' पर आधारित होगा। इसे 'स्माइलिंग ब्रिज' का रूप दिया जाएगा। मुमताज अली, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।*

———————————

**प्रदेश के लगभग सभी जिलों में शीतलहर का प्रकोप जारी है। घने कोहरे और सर्द हवाओं से आम जनजीवन प्रभावित है। कोहरे के कारण दृश्यता कम होने से ट्रेने विलम्ब से चल रही हैं, जबकि हवाई सेवाओं पर भी असर पड़ा है। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना व्यक्त की है। वहीं आगामी 7 दिनों के दौरान पूर्वांचल और पश्चिमी जिलों में मौसम शुष्क रहने के साथ–साथ लगभग सभी जिलों में कुछ स्थानों पर कोहरा और घना कोहरा छाये रहने का अनुमान जताया है।**

(समाप्त)